तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 8 मई 2024

11 अक्षय तृतीया : मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों का सजा बाजार



12 मतदाताओं में जोश, सुबह से रही भीड़





## खबर संक्षेप

### बारात में नाचने के दौरान हुई मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** ग्राम बल्दीडीह में निकली बारात में नाचने के दौरान मारपीट होने का मामला सामने आया है। सांकरा पुलिस को प्रार्थी विभीषण भोई पिता उपेंद्र भोई (19) निवासी सीतापुर बसना ने बताया कि आरोपी नरेंद्र तांडी निवासी सांकरा ने बारात में नाचने के दौरान धक्का करने की बात को लेकर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का, चाकू से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### महिला से मारपीट मामले में जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बसना के वार्ड 10 मेंएक महिला के साथ तीन लोगों द्वारा मारपीट किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थिया उर्मिला बंजारा पति अभिमन्यु बंजारा (50) के साथ आरोपी गोलू उर्फ जसप्रीत अरोरा और दो अन्य लोगों ने मारपीट, गाली गलजौ करने के साथ जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थिया को जमीन पर गिरने से सिर व दाहिने हाथ में चोट भी आई है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### प्लेन शराब जब्त

**महासमुंद।** नगर के पुराना मलेरिया ऑफिस के पास पुलिस ने आरोपी राकेश साहू पिता हेमलाल साहू (30) निवासी वार्ड 27 गुडरूपारा के कब्जे से 5940 एमएल देशी प्लेन शराब कीमत 2970 रुपए जब्त किया है।



### मतदान : शाम को आंधी-बारिश से बिजली गुल, बगैर वोट डाले लौटे मतदाता

# जिले में 65 प्रतिशत से अधिक मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

रायपुर लोकसभा के लिए मंगलवार 7 मई को जिले की तीनों विधानसभा बलौदाबाजार, भाटापारा, कसडोल क्षेत्र में हर आयु वर्ग के मतदाताओं ने अपनी सहभागिता निभाते हुए उत्साह दिखाया। मतदान के दौरान आसमान में बादल छाये रहने से लोगों को गर्मी से राहत भी मिली। कई मतदान केन्द्रों में सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं की कतार लग गई थी। प्रशासन द्वारा शाम 5 बजे तक मतदान के अंतिम आंकड़े अनुसार जिले में जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 62.16 प्रतिशत तथा ▶▶ शेष पेज 11 पर



### मतदान के प्रति लोगों में उत्साह दिखा

मिली जानकारी के अनुसार जिले में सुबह 7 से लेकर 9.30 बजे तक हुए मतदान के आकड़ों के अनुसार बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र 16 प्रतिशत, कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 14.16 प्रतिशत, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 12.2 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र 13.1 प्रतिशत मतदातों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया था। वहीं प्रातः 11 बजे तक मतदान के जारी आकड़ों के अनुसार बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 31.4 प्रतिशत, कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 31.7, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 28.3 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र 31 प्रतिशत मतदान होना दर्ज किया गया। दोपहर 1 बजे तक बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 45.4 प्रतिशत, कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 44 प्रतिशत, बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 43 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र 47 प्रतिशत मतदान दर्ज होना बताया गया। दोपहर 3 बजे तक मतदान के जारी आकड़ों के अनुसार बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 59 प्रतिशत, कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 54 , बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 57 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र 57.3 प्रतिशत लोगों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग किया गया।

### आंधी–पानी व विद्युत अवरोध से मतदान में आया व्यवधान

नगर सहित अंचल में शाम 5 बजे से अचानक तेज अंधड़ चलने तथा कुछ समय बाद बारिश शुरू होने से मतदान केन्द्रों में कतार में खड़े मतदातों में भगदड़ दिखाई पड़ी। इस दौरान विद्युत के अचानक बंद होने से मतदान केन्द्रों में प्रकाश की कमी से मतदान कार्य भी प्रभावित होने की जानकारी मतदातों द्वारा दी गई। करीब 1 घण्टे तक विद्युत की आंख मिचौली के कारण कुछ मतदातों के बिना मतदान किये ही वापस लौट जाने की बात भी बताई गई है। मौसम में अचानक आये परिवर्तन से मतदान कार्य प्रभावित होने के चलते नगर के शासकीय कन्या शाला स्थित मतदान केन्द्र में शाम 7 बजे तक मतदान कार्य जारी था।

## आसमान पर छाये काले बादल और जमकर बरसे गर्मी से मिली राहत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

लोकसभा मतदान के दिन 7 मई की शाम अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। आसमान में काले बादल छाने लगे और तेज आंधी के साथ बारिश ने मौसम सुहावना कर दिया। यहां बादलों के कारण अंधेरा छा गया, जिससे दिन में रात जैसा नजारा दिखने लगा। यह बारिश अंचल के आसपास गांवों में जमकर हुई। इस बारिश ने गर्मी से परेशान लोगों को थोड़ी राहत दी। इस भीषण गर्मी में जिले का तापमान लगभग 42 से 45 डिग्री तक चला गया था, जिससे लोगों का हाल बेहाल हो रखा था, लेकिन मंगलवार को इस बारिश के बाद तापमान में थोड़ी कमी आने की संभावना है। बारिश के दौरान बीच–बीच में बिजली की गड़गड़ाहट और बिजली लोगों को डराती रही। कई इलाकों में सड़कें और खेतों में जलजमाव दिखने लगा है।

## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468



## खबर संक्षेप



### शंकराचार्य जयंती समारोह 12 को, सीएम होंगे शामिल

**रायपुर।** छग सनातन दशनाम गोस्वामी समाज द्वारा शहीद स्मारक भवन में 12 मई को प्रदेश स्तरीय शंकराचार्य जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूजन अर्चन, शोभायात्रा, युवक-युवती परिचय सम्मेलन आदि संपन्न होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय होंगे। विशिष्ट अतिथि उप मुख्यमंत्री अरूण साव और विजय शर्मा होंगे। विशेष अतिथि मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, विधायक मोतीलाल साहू, महंत डॉ. रामसुंदर दास, डॉ. महेश गिरि दिल्ली, महंत सच्चिदानंद गिरि दिल्ली और वीरेंद्र अयोध्या पुरी गोस्वामी उपस्थित होंगे।

### लायंस क्लब सीनियर के सदस्यों ने मतदान करने लिया संकल्प




**रायपुर।** लोकतंत्र के महापर्व पर लायंस क्लब सीनियर के सदस्यों ने मतदान करने के लिए संकल्प लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर सदस्यों ने कहा कि वोट अवश्य कीजिए, लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है, प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने विभिन्न क्षेत्रों में निवासरत स्थानीय निवासियों को मतदाता जागरूकता के लिए व्यापक तौर पर कला जत्था के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

### कमल विहार में ज्ञान क्षेत्र का उद्घाटन 12 को

**रायपुर।** आर्ट ऑफ लिविंग रायपुर परिवार रायपुर द्वारा गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर के जन्मदिन की पूर्व संध्या 12 मई को कमल विहार ज्ञान क्षेत्र सी-4 सेक्टर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में रायपुर सहित छत्तीसगढ़वासियों को शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। यह जानकारी संस्था के पदाधिकारियों ने देते हुए बताया कि 12 मई को सुबह 8 बजे वास्तु और गणेश होमा, सुबह 11 बजे उद्घाटन कार्यक्रम एवं दोपहर में भोजन का कार्यक्रम होगा।

### पूर्व सीएम भूपेश बने रायबरेली लोकसभा के सीनियर ऑब्जर्वर



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पर पार्टी आलाकमान ने एक बार फिर बड़ा भरोसा जताया है। पार्टी नेतृत्व ने रायबरेली लोकसभा सीट की कमान भूपेश बघेल को सौंपी है। उन्हें रायबरेली सीट का सीनियर ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी मैदान पर उतरे हैं। रायबरेली लोकसभा सीट पर राहुल गांधी का नाम फाइनल होने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है।

# फिल्टर प्लांट और इंटकवेल संचालन में नगर निगम के हाथ-पांव फूले

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- हर बार राज्य सरकार के सामने हाथ फैलाने की नौबत
- एक साल में 36 करोड़ का बिजली बिल

फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन में निगम प्रशासन के हाथ-पांव फूल रहे हैं। हर महीने औसतन 3 करोड़ रुपये और 1 साल में 36 करोड़ रुपये के भारी भरकम बिजली बिल का भुगतान करने नगर निगम राज्य सरकार के भरोसे है। आर्थिक तंगहाली से जूझ रहे नगर निगम के जल विभाग ने इसके लिए सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया है। इसे शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।

रायपुर नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्ड में रहने वाले 14 लाख लोगों को नगर निगम भाठागांव स्थित फिल्टर प्लांट और इंटकवेल से शहर की 43 नई और पुरानी पानी टंकियों के माध्यम से 12 महीने शुद्ध पेयजल की आपूर्ति करता है। इस सतत प्रक्रिया में जल शुद्धिकरण के दौरान फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के संचालन के लिए प्लांट को चौबीस घंटे संचालित करने बिजली की जरूरत पड़ती है।

सूत्रों के मुताबिक फिल्टर प्लांट संचालन के लिए हर महीने करीब 3 करोड़ के बिजली बिल का भुगतान नगर निगम को करना पड़ता है। इस तरह 1 साल में 36 करोड़ रुपये फिल्टर प्लांट और एनीकेट के बिजली बिल का खर्च है। 2018 से पहले नगर निगम फिल्टर प्लांट और इंटकवेल के विद्युत बिल का नियमित रूप से भुगतान करने की स्थिति में रहा, पर 2018 के बाद से जल विभाग विद्युत बिल का भुगतान समय पर नहीं कर पा रहा है।



### जल शुल्क और विद्युत शुल्क का 156 करोड़ बकाया

निगम के अधिकारियों के मुताबिक फिल्टर प्लांट के 2 साल का बिजली बिल भुगतान लंबित है। इसी तरह जल शुल्क के रूप में एकमुश्त राशि का भुगतान लंबित है। जल शुल्क और विद्युत शुल्क मिलाकर कुल 156 करोड़ रुपये का भुगतान नगर निगम के जल विभाग ने अब तक नहीं किया है।

### सोलर प्लांट का प्रस्ताव

निगम के फिल्टर प्लांट में बिजली की बचत के लिए प्रधानमंत्री विद्युतीकरण योजना अंतर्गत सोलर प्लांट का प्रस्ताव तैयार कराया जा रहा है। इस प्रस्ताव को राज्य शासन के पास मंजूरी के लिए भेजा जायेगा।
- **सतनाम पनाग,** अध्यक्ष, जल विभाग, नगर निगम रायपुर

### रॉ वाटर खरीदने में ही हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च

जल विभाग हर महीने 1 करोड़ 10 लाख रुपए का रॉ वाटर सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम के माध्यम से खरीदता है। साल में 10 महीने तक उसे डेम से पानी खरीदने की जरूरत पड़ती है। इस तरह 10 महीने में 11 करोड़ रुपये का रॉ वाटर शहर के 70 वार्डों के लिए खरीदा जाता है, जबकि बारिश के दिनों में प्राकृतिक जल स्त्रोतों की उपलब्धता केवल 2 माह तक रहती है। इन 2 महीनों में खारुन का पानी लोगों की प्यास बुझाता है। इसीलिए सिंचाई विभाग से गंगरेल डेम का कच्चा पानी खरीदने की जरूरत ही नहीं पड़ती।

# 10वी-12वीं बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- 9 या 10 मई को आ सकते हैं परिणाम

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) द्वारा कक्षा 10वीं एवं 12वीं के नतीजे की घोषणा 9 अथवा 10 मई को की जा सकती है। दोनों परीक्षाओं के नतीजे तैयार करने का कार्य तकरीबन पूरा हो चुका है। अब नतीजे घोषित होने का इंतजार है।

माशिमं ने दोनों परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन समय पर पूरा कर लिया। इसके बाद नतीजे तैयार किए गए। बताते हैं कि नतीजे तैयार करने का काम भी तकरीबन पूरा हो चुका है। प्रयास किया जा रहा है कि रोके गए नतीजे के प्रकरणों की संख्या कम से कम हो। इसके अलावा टॉपर बच्चों के अंकों का पुनर्मिलान किया जा रहा है। ताकि, किसी तरह की कोई दिक्कत न हो। प्रदेश की लोकसभा की बची हुई 7 सीटों के लिए 7 मई को मतदान है। सूत्रों के हवाले से खबर है कि इसके बाद ही नतीजे घोषित किए जाएंगे। सूत्रों के अनुसार 10वीं और 12वीं दोनों कक्षाओं के नतीजे अन्य वर्षों की भांति एक साथ 9 अथवा 10 मई को घोषित किए जाएंगे। नतीजे के साथ दोनों परीक्षाओं के टॉप टेन की सूची भी जारी की जाएगी।

### बोर्ड परीक्षा में 24 हजार 512 पंजीकृत रहे

बता दें कि सीजी बोर्ड कक्षा 10वीं की परीक्षा 02 मार्च से 23 मार्च तक जिले के 114 परीक्षा केंद्रों में संचालित किए गए। इस बार बोर्ड परीक्षा में 24 हजार 512 विद्यार्थी पंजीकृत हुए थे। इनमें 12वीं में 10 हजार 548 तथा 10वीं में 13 हजार 964 बच्चे पंजीकृत थे। बीते वर्ष भी 10 मई को नतीजे घोषित हुए थे। कक्षा 12वीं में 79 प्रतिशत और 10वीं में 75 फीसदी विद्यार्थी परीक्षा में सफल हुए थे। शिक्षा विभाग इस बार के नतीजे और अच्छे आने की उम्मीद लगा रखी है।

## आबकारी विभाग की दबिश में मिली अंग्रेजी शराब

# 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 3 लाख की महंगी शराब के साथ एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आबकारी विभाग ने रविवार रात मंदिरहसौद क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 9 राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की महंगी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी दंतेवाड़ा जिले का रहने वाला है, जो पेशे से अवैध शराब बिक्री का कारोबारी है। उसके पास से विभागीय टीम ने दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश राज्यों की प्रीमियम ब्रांड की 64 बोतल शराब बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 3 लाख रुपये आंकी गई है।

### टाटा नैनो से 60 हजार कीमत की शराब बरामद

विभागीय टीम ने इसके अलावा शंकर नगर क्षेत्र के कचना मार्ग पर एक नैनो कार की तलाशी लेने पर उसमें से 60 हजार कीमत की शराब बरामद की है। इस कार से 230 नग केन बीयर और मेक्डावल नंबर वन ब्रांड की 7 बोतल शराब बरामद की है। टीम ने कार चालक डंकानारा सीमूल निवासी दुर्गा नगर न्यूराजेंद्र नगर को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार तिल्दा क्षेत्र में भी अलग-अलग दो जगह से दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 210 लीटर शराब से भरी बोतले जब्त की है। इन तीनों प्रकरण में आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।



### सूनी जगह पर झाड़ियों में छिपाकर रखी थी शराब

जिला आबकारी उपायुक्त विकास गोस्वामी ने बताया कि लोकसभा चुनाव का 7 मई को मतदान होना है। इसे लेकर पूरे जिले में 5 मई शाम को 5 बजे से ड्राई डे घोषित किया गया है। इसके तहत जिलेभर में शराब दुकानें भी बंद हैं। इस दौरान अवैध शराब की तस्करी व कारोबार करने वालों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि रविवार रात को विभागीय टीम ने मंदिरहसौद क्षेत्र में वुडआइलैंड के निकट एक कच्ची सड़क पर एक संदिग्ध व्यक्ति को देखा गया, उसके हाथ में एक थैला था। विभाग की टीम जब उसके पास पहुंची, तो वह भागने का प्रयास करने लगा। पकड़कर कर पूछताछ की गई, तो उसने खुद का नाम राजा दुर्गा बड़े बचेली दंतेवाड़ा का रहने वाला बताया है। उसके थैले से महंगी शराब की दो बोतल बरामद की। इसके बाद उससे जब कड़ाई से पूछताछ की गई, तो उसने कच्ची सड़क के पास झाड़ियों में शराब छिपाकर रखना बताया। विभाग ने झाड़ियों से 64 शराब की बोतल बरामद की। ये सभी शराब की बोतले दूसरे राज्य जैसे दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, गोवा, महाराष्ट्र, उत्तरप्रदेश, राजस्थान, कर्नाटक एवं मध्यप्रदेश की है। बरामद शराब की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपये आंकी गई है। राजा दुर्गा ने पूछताछ में यह भी बताया कि वह शराब बेचने का काम करता है। रायपुर में वह शराब बेचने के लिए ही आया था। पूछताछ में आरोपी से विभागीय अधिकारी यह पता नहीं लगा पाई कि दूसरे राज्यों की इतनी महंगी शराब उसके पास कहां से आई। फिलहाल इस मामले में आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# रविवि की सेमेस्टर परीक्षाएं 6 जून से, जुलाई के प्रथम पखवाड़े तक चलेंगे पर्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- एक ही पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक होंगी परीक्षाएं

पं. रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं की समय-सारिणी जारी कर दी गई है। परीक्षाएं एक पाली में सुबह 8 से 11 बजे तक आयोजित की जाएंगी। रविवि अध्ययनशाला के साथ ही महाविद्यालयों को भी समय-सारिणी प्रेषित कर दी गई हैं। किसी तरह की त्रुटि होने पर सूचित करने कहा गया है। रविवि की सेमेस्टर परीक्षाओं की शुरुआत 6 जून से होगी। विवि प्रबंधन द्वारा ठीक एक माह पहले समय-सारिणी जारी की गई है। परीक्षाएं 15 जुलाई को समाप्त होंगी। सबसे अंत में बीवॉक और एमएससी आईटी की परीक्षाएं समाप्त होंगी। एमकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 से 28 जून तक चलेगी। चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 जून से 2 जुलाई तक आयोजित की जा रही है। एमए के अंतर्गत विभिन्न विषयों की परीक्षाएं 6 जून से 2 जुलाई तक आयोजित होगी। बीबीए की परीक्षाएं 11 जून से 3 जुलाई, सीबीएस की परीक्षाएं 6 जून से 11 जुलाई तथा बीफॉर्मा की परीक्षाएं 10 जून से 3 जुलाई तक होगी। समय-सारिणी रविवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

### 22 साल बाद अंक सुधार

रविवि ने एक छात्रा की अंकसूची में दर्ज अंकों में 22 साल बाद सुधार किए हैं। इसके परिणाम भी घोषित किए गए। छात्रा शासकीय महाविद्यालय डोंगरगढ़ की छात्रा है। छात्रा के बीए द्वितीय वर्ष तथा तृतीय वर्ष के अंक सुधार पश्चात परिणाम दोबारा जारी किए गए हैं। गौरतलब है कि अंतिम वर्ष की अंकसूची में तीनों वर्ष के अंकों का उल्लेख होता है। कई बार त्रुटिवश प्रथम तथा द्वितीय वर्ष की अंकसूची में दर्ज अंक और अंतिम वर्ष की अंकसूची में दर्ज अंकों में एकरूपता नहीं रह पाती है। डिग्री के लिए आवेदन करने के दौरान दोनों में एक समान अंक होना जरूरी होता है। अधिकतर छात्र इस ओर ध्यान ही नहीं देते हैं। डिग्री के लिए आवेदन देने के बाद उन्हें त्रुटि पता चलती है। ऐसे में छात्रों द्वारा अंक सुधार के लिए आवेदन दिया जाता है तथा रविवि पुनः परिणाम जारी करता है।

# एक्शन मोड में सीनियर डीसीएम यात्री बनकर पहुंचे स्टेशन

## कुलियों को शराब पीते रंगे हाथ पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी पदभार संभालने के बाद ही एक्शन मोड में आ गए हैं। सोमवार को सुबह आम यात्री की तरह बिना स्टॉफ की मदद के उन्होंने स्टेशन का आकस्मिक निरीक्षण कर स्टेशन में मौजूद जन सुविधाओं को जायजा लिया।

इस दौरान जब सीनियर डीसीएम जब कुली विश्राम गृह में पहुंचते तो सुबह से ही कुली शराब पीते नजर आए। वाणिज्य प्रबंधक ने भविष्य में ऐसा गलती न करने की हिदायत दी। स्टेशन पर कार्यरत कुली बिल्ला क्रमांक 165 सुभाष निर्मलकर ने लिखित में स्वीकार किया कि वह और उसके साथी शराब पी रहे थे। निर्मलकर के साथ भुवन साहू, अरुण निर्मलकर झराड प्रसाद भी साथ में मदिरापान में शामिल थे। कुली का बिल्ला 165 क्रमांक जमा करा लिया गया है।



### यात्री बनकर देखो स्टेशन की व्यवस्था

आकस्मिक निरीक्षण के बाद वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने बताया कि मैं आम यात्री की तरह स्टेशन का निरीक्षण करना चाहता था। यात्री की नजर से जन सुविधा को देखा है। स्टेशन में व्यवस्थाओं में सुधार किया जाएगा, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार से दिक्कत न हो। निरीक्षण के दौरान पाया कि क्लॉक रूम में कार्यरत स्टाफ अपने कार्यों को नियमानुसार कर रहे थे, यात्रियों से व्यवहार भी सौम्य था व स्टॉल पर ओवरचार्जिंग भी नहीं पाई गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने सभी यात्रियों को आगाह किया है कि किसी भी प्रकार की अनियमित गतिविधियां अगर स्टेशन में पाई जाती हैं, तो तुरंत 139 रेलवे हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज कराएं।

# महादेव सट्टा एप : सटोरियों से जब्त अकाउंट में 5 से 10 लाख ट्रांजेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- बैंकों को नोटिस जारी करने की तैयारी

महादेव सट्टा एप को लेकर पुलिस ने महाराष्ट्र, पुणे से जिन 26 सटोरियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं, उनमें से एक दर्जन से ज्यादा बैंक अकाउंट रायपुर तथा दुर्ग में खोले जाने की बात सामने आई है। पुलिस की प्रारंभिक जांच में जो बातें सामने आई हैं, उसके मुताबिक जब्त बैंक अकाउंट में एक दिन में पांच से दस लाख रुपए तक के ट्रांजेक्शन किए गए हैं।

पुलिस अफसरों के मुताबिक पुणे में गिरफ्तार किए गए सटोरियों के कब्जे से जो बैंक अकाउंट जब्त किए गए हैं, उन अकाउंट की प्रारंभिक पड़ताल में 30 करोड़ रुपए लेन-देन करने की जानकारी मिली है। अकाउंट के डिटेल खंगालने पर लेन-देन करने का आंकड़ा 30 करोड़ रुपए से पार जा सकता है। अकाउंट खुलने के बाद से लेकर उसमें अब तक कितने का ट्रांजेक्शन किया गया है, इस संबंध में जानकारी जुटाने पुलिस अफसर संबंधित बैंक को पत्र लिखने की बात कह रहे हैं।

### पांच से दस लाख तक ट्रांजेक्शन

पुलिस ने जो बैंक अकाउंट जब्त किया है, उसमें पुलिस को जो प्रारंभिक जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अकाउंट में एक दिन में पांच से 10 लाख रुपए ट्रांजेक्शन किए गए हैं। जब्त किए गए अकाउंट सेविंग खाता हैं। सेविंग अकाउंट हैं, ऐसे में सवाल उठता है कि सेविंग अकाउंट में एक दिन में पांच से 10 लाख रुपए कैसे ट्रांजेक्शन किया जा सकता है, जबकि बैंक लेन-देन पर आयकर विभाग की निगरानी रहती है।

### बैंक कर्मियों की संलिप्तता की जांच

एसएसपी संतोष सिंह के मुताबिक बैंक कर्मियों की बगैर मिलीभगत के फेक आईडी तथा बगैर आईडी प्रूफ के बैंक अकाउंट खोलना संभव नहीं है। पुलिस अफसर के अनुसार ज्यादातर बैंक अकाउंट फेक आईडी के खोले गए हैं। अफसर इस संबंध में पड़ताल करने के बाद दोषी बैंक कर्मियों के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत कार्रवाई करने की बात कह रहे हैं।

### ट्रांसफर रकम की जानकारी जुटाएंगे

*पुलिस अफसरों के मुताबिक सट्टा संचालित करने जो बैंक अकाउंट खोले गए थे, उन अकाउंट से किन-किन लोगों के अकाउंट में कितनी रकम ट्रांसफर की गई, पुलिस इस बात की भी जानकारी जुटाएगी। इसके साथ अकाउंट से कितने रुपए कैश निकाले गए, पुलिस इसकी भी जानकारी जुटाने की बात कह रही है।*

### आयकर विभाग की नजरें बचाकर ट्रांजेक्शन

*पूर्व में सट्टा संचालित करने जिन सेविंग अकाउंट में एक दिन में लाखों का ट्रांजेक्शन किया गया, उन खाताधारकों को आयकर विभाग ने नोटिस जारी किया था। आशंका जताई जा रही है, महादेव सट्टा एप से जुड़े सटोरिए बैंक प्रबंधन के साथ मिलीभगत कर सट्टा संचालित करने जो बैंक अकाउंट खुलवाए थे, उन अकाउंट की जानकारी आयकर विभाग तक नहीं पहुंचे, इसके लिए बैंक कर्मियों के साथ साठ-गांठ की होगी।*

### पप्पू जेठवानी की तलाश में जुटी पुलिस

*पैनल लेकर सट्टा संचालित करने के मास्टर माइंड समता कालोनी निवासी पप्पू जेठवानी है, जो अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पुलिस को आशंका है कि पप्पू जेठवानी हैदराबाद में छिपा हो सकता है या फिर वह दुबई फरार हो गया है। पप्पू के देश में छिपे होने की स्थिति में पुलिस उसके छिपने के संभावित ठिकानों में छापे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।*

## अंतिम क्रिया कराने पहुंच रहे लोगों को भी दिक्कत

# खारुन नदी में जलकुंभी की भरमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



लक्ष्मण झूला से लेकर घाट तक पसरी गंदगी

शहर की लाइफलाइन कही जाने वाली जीवनदायिनी खारुन नदी में जलकुंभी की भरमार से लोग परेशान हैं। महादेवघाट से लक्ष्मण झूला तक भारी मात्रा में जलकुंभी जमा होने से घाट पर पूजा पाठ, स्नान करने आने वालों को दिक्कत हो रही है। वहीं महादेवघाट में परिजनों के अंतिम संस्कार के दौरान अंतिम क्रिया कर नदी में पवित्र स्नान के लिए साफ-सुथरी जगह नही होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इतना सब होने के बाद भी इस अव्यवस्था को देखने वाला कोई नहीं है। रायपुर नगरनिगम शहर के ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने के मामले में कोताही बरत रहा है। एक तरफ जहां राजधानी के प्राचीन तालाबों की सफाई, सौंदर्यीकरण और गंदे नाले -नालियों की गंदगी को तालाबों में गिरने से रोकने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करवा रहा है। वहीं महादेवघाट स्थित खारुन नदी की नियमित सफाई नहीं होने से इन दिनों घाट से लेकर लक्ष्मण झूला वाले क्षेत्र में भारी मात्रा में जलकुंभी जमा है। इसके कारण नदी का साफ पानी दूर तक नजर नहीं आ रहा। गर्मी के दिनों में राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों से लोग यहां नौका विहार का आनंद उठाने पहुंचते हैं, पर खारुन नदी में जलकुंभी के जाल ने नौका विहार का रास्ता रोक रखा है। इससे नौका चलाकर जीवन यापन करने वाले गरीब परिवारों की आजीविका पर भी असर पड़ा है। घाट किनारे अब गिनती की नौका उपलब्ध हैं।

### घाट की सफाई नहीं होने से पसरी गंदगी

*महादेवघाट में धार्मिक, सामाजिक कार्यो के सिलसिले में लोगों का आना-जाना बना रहता है। इस दौरान पूजन सामग्री, खाद्य सामग्री के अलावा प्लास्टिक पन्नी, रैपर सहित अन्य तरह के कूड़ा करकट घाट के किनारे बिखरा कर चले जाने से घाट की सफाई प्रभावित हुई है। नगर निगम जोन के जोन गैंग और सेंट्रल गैंग महादेवघाट सहित आसपास के धार्मिक स्थल की सफाई नियमित रूप से नहीं कर रही है। इसके कारण घाट के आसपास कचरों का ढेर जमा हुआ है।*

# मेडिकल की नई तकनीक विकसित करने एम्स-आईआईटी इंदौर के बीच एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मेडिकल की नई तकनीक और शोध तथा अनुसंधान के लिए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान और आईआईटी इंदौर के बीच अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया है। एमओयू के तहत हेल्थ वर्करों को प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण देने सिम्युलेटर और किट प्रदान किया जाएगा। एम्स की ओर से कार्यपालक निदेशक जनरल अशोक जिंदल और आईआईटी इंदौर दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन के उपाध्यक्ष अमनदीप श्रीवास्तव ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए। एम्स निदेशक ने बताया कि एमओयू की मदद से दोनों संस्थानों के मध्य शैक्षणिक आदान-प्रदान सुगम हो सकेगा।



इससे नई तकनीक के विकास, टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, शोध और अनुसंधान, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और सामाजिक कार्यों में नई पहल संभव हो सकेगी। उन्होंने कहा कि इसकी मदद से संयुक्त शोध परियोजनाओं पर कार्य करके नई तकनीक विकसित करने का प्रस्ताव है, जिसकी मदद से विभिन्न स्वास्थ्य चुनौतियों का आसानी के साथ मुकाबला किया जा सकता है। एमओयू के पहले चरण में एम्स को ऐसे सिम्युलेटर और किट प्रदान किए जाने की योजना है, जिससे स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। इनकी मदद से प्रारंभिक चिकित्सा का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। एमओयू के कार्यान्वयन के लिए ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप भी बनाए जाने का प्रस्ताव है। इस अवसर पर अधिष्ठाता (शोध) प्रो. सरिता अग्रवाल और सीईओ आदित्य व्यास उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### भीषण गर्मी- हीटवेव की आशंका से सरकार चिंतित, बचाव के लिए जारी हुआ निर्देश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत कई जिलों में इस समय पड़ रही भीषण गर्मी से राज्य सरकार भी चिंतित हो गई है। सरकार के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने गर्मी से बचाव करने के लिए दिशा निर्देश जारी किए हैं। खास बात ये है कि इस संबंध में सरकार के सभी उच्च पदस्थ अधिकारियों, एक दर्जन विभागों, सभी जिलों के कलेक्टरों को इस पत्र भेजा गया है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने कहा है कि तापमान औसत से अधिक होने की संभावना है। इसके कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में लू-तापघात की स्थिति निर्मित हो सकती है। गर्मी के मौसम को ध्यान में रहते हुए हीटवेव से बचाव के लिए जो निर्देश दिए गए हैं उन्हें जिला, तहसील, ग्राम पंचायत, स्तर पर शिक्षकों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, पंचायत सचिव और कोटवारों के माध्यम से जनसमुदाय में जमीनी स्तर पर प्रचार प्रसार करें।

### निर्वाचन सीईओ कंगाले से प्रशिक्षु आईएएस अफसरों ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले से सोमवार को राज्य के 2023 बैच के प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान श्रीमती कंगाले ने भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच के प्रशिक्षु अधिकारियों अनुपमा आनंद, एम. भार्गव, तन्मय खन्ना एवं दुर्गा प्रसाद अधिकारी को विस्तार से निर्वाचन प्रक्रिया की बारीकियों से अवगत कराया। श्रीमती कंगाले ने उन्हें बताया कि लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन आवश्यक है और चूंकि प्रशासनिक अधिकारियों को निर्वाचन संपन्न कराने का दायित्व मिलता है, अतएव इस कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने निर्वाचन के नियमों का समुचित ज्ञान, सजगता और पारदर्शिता बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन प्रक्रियाओं के पालन में पूरी तरह से पारदर्शिता बरतते हुए सजग होकर कार्य करने से निर्वाचन का कार्य निर्विघ्न रूप से संपन्न होता है।

### जग्गी हत्याकांड में शामिल तीन लोगों ने कोर्ट में किया सरेंडर

**रायपुर ।** एनसीपी नेता रामअवतार जग्गी हत्याकांड में शामिल तीन अन्य अभियुक्तों ने सोमवार को कोर्ट में सरेंडर किया है। हत्याकांड में शामिल 27 में से 10 आरोपी अब तक कोर्ट में सरेंडर कर चुके हैं। हत्याकांड में शामिल जिन तीन लोगों ने कोर्ट में सरेंडर किया है, वो मध्यप्रदेश, भिंड के रहने वाले हैं। सरेंडर करने वाले अभियुक्त अपने वकील तथा परिजनों के साथ कोर्ट पहुंचे थे। कोर्ट में सरेंडर करने वालों में राजू भदोरिया, धर्मेंद्र उर्फ लल्लन सिंह तथा एक अन्य शामिल है।







# मतदाताओं को मिली सुविधाएं, वाइल्ड लाइफ और सेल्फी पाइंट रहे आकर्षण का केंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

प्रदेश में 7 सीटों के लिए अंतिम चरण का मतदान शांति पूर्वक संपन्न हुआ। जिले के दोनों लोकसभा जांजगीर-चांपा क्षेत्र क्र. 3 एवं रायपुर क्षेत्र क्र. 8 सभा क्षेत्र के लिए कुल 1 हजार 9 मतदान केंद्र बनाएं गए थे। समाचार लिखे जाने तक प्राप्त अनंतिम आंकड़े अनुसार शाम 5 बजे तक जिले का मतदान बिलाईगढ़ विधानसभा सहित प्रतिशत 65.24 रहा। शाम 5 बजे के बाद भी जो मतदाता मतदान केंद्र परिसर के अंदर पहुंच गए वे कतार में मतदान के लिए खड़े थे। अनंतिम आंकड़े के अनुसार जांजगीर-चांपा क्षेत्र अंतर्गत कसडोल विधानसभा क्षेत्र में 62.16 प्रतिशत, इसके साथ ही विधानसभा बिलाईगढ में 64.23 प्रतिशत रहा। इसी तरह रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 68.66 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 65.91 प्रतिशत मतदान हुआ है। मतदान केन्द्रों में बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी। बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों के लिए स्कॉउट गाइड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में तथा पुलिस के जवानों ने सेवा भावना के साथ मदद की। उनके लिए व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई थी। आपको बता दे कि मतदाताओं को रिझाने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने निर्वाचन आयोग के निर्देश पर वन विभाग द्वारा जिले में 3 आदर्श मतदान केंद्रों में वाइल्ड लाइफ का चित्रण किया गया था। आदर्श मतदान केंद्र महाविद्यालय कसडोल में वन विभाग द्वारा वाइल्ड लाइफ, झरना, हिरण, गौर, औषधि के अलावा वन्य जीवों के सुरक्षा के मद्देनजर सेल्फी पॉइंट बनाया गया है।

**कलेक्टर एवं एसएसपी ने भी किया मतदान**

उन्होंने जिला मुख्यालय स्थित मतदान केन्द्र 119 स्वामी आत्मानंद हिंदी मीडियम स्कूल बलौदाबाजार में वोट दिए। मतदान की शुरुआत के साथ ही यहां के मतदाता सुबह से ही पोलिंग बूथ पहुंचने लगे थे और पोलिंग बूथ के बाहर लाइन लगाकर मतदान का इंतजार कर रहे थे। 80 वर्षीय महिला आसिन बाई ने मतदान केंद्र क्रमांक-4 हसुआ पहुंचकर वोट डाला और लोकतंत्र के इस महापर्व में अपने मतों की आहूति दी।

इधर कसडोल नगर की रहने वाली सोना डोमने ने मतदान कर कहा कि लोकतंत्र के पर्व में प्रधानमंत्री चुनने के लिये मतदान किया है। हम ऐसी सरकार चुने जो आमजनों की सुरक्षा के साथ नारी सुरक्षा और महिलाओं को सशक्त समाज में एक सुनिश्चित भागीदारी देने वाली सरकार हो। इसके अलावा मतदाता राजकुमार बंजारे ने कहा कि देश के सर्वांगीण विकास के लिए उन्होंने मतदान किया है। साथ ही यह लोकतंत्र का पर्व है, दीवाली की तरह माहौल दिख रहा है।





### स्वास्थ्य विभाग जूस की व्यवस्था

जहां मतदाता मतदान के बाद बड़े उत्साह के साथ सेल्फी ले रहे थे। गर्मी को देखते हुये शुद्ध ताजा बेल के जूस की व्यवस्था की गई थी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा ओआरएस का घोल के अलावा जरूरी मेडिशिन मतदान केंद्रों में रखी गई। जिससे किसी भी मतदाताओं को स्वास्थ्य समस्याओं पर त्वरित इलाज किया जा सकें। जिले के बलौदाबाजार, कसडोल और पलारी में मतदाता उत्सुक, निर्भीक और स्वस्फूर्त होकर मतदान करते देखे गए। सुबह 8 बजे कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के एल चौहान एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।



### वाइल्ड लाइफ की झांकी बनाई गई

सोनाखान रेंज के रेंजर सुनीत साहू और डिप्टी रेंजर संतोष साहू ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देश पर आदर्श मतदान केंद्र महाविद्यालय कसडोल में वाइल्ड लाइफ की झांकी बनाई गई है। साथ ही फॉरेस्ट की सुरक्षा और पर्यावरण के प्रति आमजनों की जिम्मेदारी को दर्शाया गया है। श्री साहू ने कहा कि वाइल्ड लाइफ का मुख्य उद्देश्य केवल मतदाताओं को मतदान तक लाना और मतदान करने के लिए प्रेरित करना है, ताकि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश का पालन किया जा सकें।



# अक्षय तृतीया : मिट्टी के गुड्डे-गुड़ियों का सजा बाजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अक्षय तृतीया का पर्व शुक्रवार 10 मई को है। अक्षय तृतीया के लिए मिट्टी के बने खिलौना बाजार में आए गए हैं। इसके लिए कुम्हारों ने मिट्टी से बनाए गुड्डा–गुड़ियों की बिक्री शुरू कर दी है। विदित हो कि छत्तीसगढ़ में इस दिन शादी के लिए शुभ माना जाता है। वहीं घरों में गुड्डा–गुड़ियों की पूजा व शादी कराकर इस पर्व को मनाया जाता है। सर्वसिद्धी मुहूर्त अक्षय तृतीया को छत्तीसगढ़ में अक्ति के नाम से पहचान मिली है। सर्व सिद्धि मुहूर्त के रूप में महत्व रखने वाले इस पर्व में विवाह, गृहप्रवेश जैसे मांगलिक कार्य किए जाते हैं तो वस्त्र, आभूषण वाहन और नए भवन की खरीदी के लिए यह पर्व विशेष महत्व रखता है।

■ गुड्डा गुड़ियों का विवाह रचाने बच्चे उत्साहित

### मिट्टी के बर्तन का है विशेष महत्व

अक्षय तृतीया के दिन मिट्टी के बर्तन का विशेष महत्व है। गुड्डा गुड़ियों का विवाह भी बच्चे रचाते हैं, इसके लिए खरोरा के बाजार में कुम्हारों द्वारा चिल्लाती धूप में पसरा लगाया जा रहा है। इस बार दुकान में दिया, कलश, धूपदान, गुड्डा गुड़िया लाए गए हैं। गुड्डी गुड़िया का दाम इस बार 50 से लेकर 100 रुपए तक रखा गया है। आकर्षक और विशेषता सज्जा के साथ गुड्डा गुड़ियों को बनाया गया है, जो बच्चे को काफी पसंद आ रहा है।



# भगवान परशुराम जयंती पर शोभायात्रा निकालेगा सर्व ब्राह्मण समाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

भगवान श्री परशुराम जयंती मानने श्री आदिगौड़ ब्राह्मण महासभा की आवश्यक बैठक स्थानीय कुंदन भवन में समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा के नेतृत्व में संपन्न हुई। इसमें सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम की जयंती 10 मई पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली जाने वाली शोभायात्रा में समाज के प्रत्येक घरों से सभी सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य है। अक्षय तृतीया की शुभ तिथि पर समाज द्वारा सुबह 11 बजे कुंदन भवन स्थित शिव मंदिर में भगवान परशुराम का विधिवत पूजन किया जाएगा और दोपहर 4 बजे सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा पूर्व की भांति रामनाम सप्ताह मंडप से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से भ्रमण कर पुनः राम सप्ताह मंडप में आएगी, जहां भगवान श्री परशुराम की आरती कर प्रसाद वितरण किया जाएगा। उक्त बैठक में समाज के उत्थान के लिए और भी निर्णय लिए गए एवं भाटापारा के सभी विप्र बंधुओं से शोभायात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई। समाज के महासचिव विजय पाण्डेय ने बताया कि बैठक में समाज के अध्यक्ष हरगोपाल शर्मा के साथ ही समाज के वरिष्ठ सदस्य रमेश तिवारी, डॉ. ओपी शर्मा, ओम प्रकाश जोशी, घनश्याम प्रसाद शर्मा, दिनेश उपाध्याय, सत्यनारायण शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, मोहन शर्मा, ओम प्रकाश पाण्डेय, देवेंद्र भृगु, मधुसूदन शर्मा, घनश्याम वैष्णव, लक्ष्मी नारायण शर्मा, विजय पाण्डेय, विपिन शर्मा, अनुराग शर्मा, उमा शर्मा, रूपेश तिवारी, निक्की शर्मा, गोपाल शर्मा, शैलेश दवे आदि मौजूद रहे।

■ सामाजिक बैठक में लिया गया निणर्य



# फायनेंस कंपनी के कर्मचारी पर 3 लाख 29 हजार रुपए गबन का मामला

**महासमुंद।** नगर में फायनेंस कंपनी के कर्मचारी द्वारा 3 लाख 29 हजार से ज्यादा रुपए किए जाने का गबन मामले में संस्था के ब्रांच मैनेजर ने महासमुंद में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। प्रार्थी खगेश्वर नंद पिता जयलाल नंद (32) अंतरझोला थाना बलोदा जिला महासमुंद ने बताया कि मैं बीटीआई रोड स्थित शिवानंद कॉलोनी में शाखा कार्यालय स्थित आरोहन फायनेंस कम्पनी में ब्रांच मैनेजर विगत अक्टूबर 2022 से कार्यरत हूं। यह कंपनी आरबीआई से पंजीकृत है और ग्रामीण/शहरी महिलाओं का समूह बनाकर ऋणधारी ग्राहक अपनी किस्त को मासिक रूप में जमा करते है जिसके पावती उनको ऋण पुस्तिका में इंद्राज किया जाता है।प्रार्थी ने बताया कि संस्था में कार्यरत फील्ड ऑफिसर संजय जगदल्ला निवासी सांकरा, तहसील पिथौरा ग्राहकों से मासिक किस्त की राशि की वसूली कर संस्था में जमा करने का काम करता था। लेकिन विगत जुलाई 2023 से ग्राहकों से उनकी मासिक जमा राशि लेकर संस्था में जमा न कर स्वयं उपयोग कर लिया है। आरोपी संजय जगदल्ला के द्वारा अलग-अलग दिनांक में कुल 444054 रुपए प्राप्त कर मात्र 114850 रुपए संस्था में जमा किया है तथा शेष 329204 रुपए का स्वयं उपयोग कर गबन किया है, जिससे संस्था को आर्थिक नुकसान पहुंचा है। जब आरोपी से रकम जमा करने कहा जाता है तो वह अभी पैसा नहीं है।

### अनुकंपा नियुक्त में 10 प्रतिशत पदों का बंधन सीएस ने मांगा लंबित मामलों का ब्योरा

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में सेवाकाल के दौरान शासकीय सेवकों की मृत्यु होने पर उनके आश्रित परिवार के सदस्यों को अनुकंपा नियुक्ति देने का प्रावधान है, लेकिन तृतीय श्रेणी के पदों पर भर्ती के लिए 10 प्रतिशत पदों का सीमा बंधन भी लागू है। इसकी वजह से तृतीय श्रेणी के पदों पर अनुकंपा नियुक्तियां मिलने में देर होती है। इस मामले को लेकर मुख्य सचिव अभिताभ जैन ने प्रदेश के सभी विभागाध्यक्ष और अधीनस्थ कार्यालयों से यह जानकारी मंगाई है कि 10 प्रतिशत की सीमा होने के कारण अनुकंपा नियुक्ति के कितने प्रकरण लंबित हैं।

## पेज 9 का शेष

### जिले में 65 ...

विधानसभा बिलाईगढ़ क्षेत्र में 64.23 प्रतिशत रहा। इसी तरह रायपुर लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में 68.66 प्रतिशत तथा भाटापारा विधानसभा क्षेत्र में 65.91 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम किए गए थे।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने जिले में 34 आदर्श एवं 239 संगवारी मतदान केन्द्र केन्द्र बनाए गए थे। संगवारी मतदान केंद्रों में मतदान दल संपूर्ण रूप से महिला अधिकारियों–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। इसी तरह प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 1–1 दिव्यांग एवं में 1–1 युवा मतदान केन्द्र बनाए गए थे। वहीं आयोग के निर्देश पर बुजुर्ग मतदाताओं के लिए मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर की भी व्यवस्था की गई थी। स्कॉउट–गाइड, एनसीसी के बच्चों ने मतदान मित्र के रूप में, सेवा भावना के साथ उनकी मदद भी की। नये मतदाताओं ने पहली बार किया मतदान–18 वर्ष के ऐसे युवा जिन्होंने मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाया था, जिनमे अधिकांश कॉलेज के छात्रों ने पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

Health Town
डॉ. टाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD|मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक|
इनफर्टिलिटी | बच्चने दानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### दो मामलों में 72 हजार से ज्यादा की शराब जब्त

**महासमुंद।** तुमगांव पुलिस ने दो मामलों में 72 हजार से ज्यादा की शराब जब्त की है। पुलिस ने बताया कि ग्राम अछोला में आरोपी मुकेश साहू पिता बाबूलाल साहू (30) के ठेले से 63900 एमएल देशी प्लेन/मसाला शराब जब्त किया गया है। उक्त शराब की कीमत 40450 रुपए बताई गई है। इसी तरह पुलिस ने ग्राम अछोला से ही आरोपी हितेश साहू पिता महेश साहू (27) निवासी अछोला के कब्जे से 56700 एमएल प्लेन/मसाला शराब कीमत 32150 रुपए को जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** नगर के कुर्मीपारा में एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। प्रार्थी अशोक कुमार पिता हीरालाल चंद्राकर (58) वार्ड 17 कुर्मीपारा ने पुलिस को बताया कि आरोपी महेश कुमार चंद्राकर पिता चेतनलाल चंद्राकर निवासी वार्ड 17 कुर्मीपारा ने उसे गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### गायत्री शक्तिपीठ में निःशुल्क व्यक्तित्व विकास शिविर आज से

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज के मार्गदर्शन में युवा प्रकोष्ठ महासमुंद द्वारा तीन दिवसीय व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन गायत्री शक्तिपीठ बरोंडा चौक में 8 मई से 10 मई तक प्रातः 8 से 11 बजे तक किया गया है। जिसमें कोई भी युवक-युवतियां शामिल हो सकते हैं। ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बालक-बालिकाओं के लिए काम आने वाले महत्वपूर्ण विषयों का निर्धारण किया गया है। जिसमें कैरियर निर्माण कैसे करें? सफल जीवन जीने की कला, व्यक्तित्व निर्माण के सूत्र, बालिका शिक्षा व नारी जागरण, स्वस्थ रहने के सूत्र, स्मरण शक्ति कैसे बढ़ाएं? स्वाध्याय जीवन की आवश्यकता, नशा मुक्ति अभियान, बाल संस्कार शाला एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों पर पावर पॉइंट एवं प्रोजेक्टर के माध्यम से आकर्षक एवं मनोरंजन ढंग से प्रस्तुति किया जाना है । अतः महासमुंद के पालकों से निवेदन है कि अपने बच्चों को शिविर में अवश्य भेजें यह शिविर पूर्णता निःशुल्क है। कक्षा आठवीं से कॉलेज तक अध्ययन करने वाले बालक, बालिका दोनों इसमें भाग ले सकते हैं।

### तीर्थयात्री रामेश्वरम धाम में श्रवण करेंगे भागवत कथा

**महासमुंद।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रामेश्वरम धाम में किया गया है। 25 से 31 मई तक भागवत कथा का बखान आचार्य पंकज तिवारी करेंगे। इसके लिए तीर्थयात्री 18 मई से बस द्वारा रवाना होंगे। इस दौरान तीर्थयात्री अनेक तीर्थ स्थलों का भ्रमण करते हुए रामेश्वरम पहुंचेंगे। जहां कथा श्रवण के उपरांत यात्रा करते हुए 5 जून को वापस नगर पहुंचेगे। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के देवेंद्र चंद्राकर गुडडू, दिलीप जैन ने बताया कि तीर्थ यात्री विस्तृत जानकारी आयोजन समिति के कमल इंटरप्राइजेस से प्राप्त कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष बद्रीनाथ में भागवत कथा का अयोजन किया गया था।

### छात्रों को मानसिक तनाव तथा भयमुक्त रखने किया सम्मेलन

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदा में कक्षा दसवीं व बारहवीं के परीक्षा परिणाम को लेकर छात्र-छात्राओं में होने वाले तनाव को दूर करने के उद्देश्य से पालक, शिक्षक एवं शाला विकास समिति का सम्मेलन रखा गया। जिसमें अपने अपने पाल्यों के परीक्षा परिणाम पर हतोत्साहित न होने एवं मानसिक तनाव तथा भय मुक्त रखने के लिए दिशा निर्देश दिया गया। जिसमें शाला विकास समिति के सदस्य चतुर्भुज डडसेना, सरपंच कमलेश्वरी दीवान और प्राचार्य एके षडंगी के साथ साथ समस्त व्याख्याता व कर्मचारी उपस्थित थे।

## मतदान : वोट डालने के बाद लोगों ने ली सेल्फी

# मतदाताओं में जोश, सुबह से रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



लोकसभा चुनाव के महाकुंभ में अंततः मतदाताओं ने अपने मतदान का प्रयोग कर लोकतंत्र को अधिक मजबूत करने का काम किया। जहां तक रायपुर लोकसभा की बात है तो 39 दावेदारों के साथ भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल और कांग्रेस के विकास उपाध्याय मुख्य प्रतिद्वंदी के रूप में आमने-सामने दिखाई दिए। उक्त चुनाव में भाजपा और कांग्रेस ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी। जहां एक ओर आठ बार के विधायक और वर्तमान शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल थे, तो दूसरी ओर रायपुर पश्चिम के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय कांग्रेस के उम्मीदवार थे। रायपुर लोकसभा को भाजपा का गढ़ माना जाता है, जहां पूर्व में हुए लोकसभा चुनाव में सुनील सोनी लगभग 3.25 लाख मतों से विजय हुए थे। मतदान तिथि के दिन भाजपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा बूथों में पंडाल लगाकर मतदाताओं को लुभाने का प्रयास किया गया। भाटापारा विधानसभा के कुल 282 बूथों में भाजपा कांग्रेस के कार्यकर्ता ही सक्रिय दिखाई दिए।

मतदाता सूची में भारी मात्रा में त्रुटि पाई गई। सुबह से मतदाता लगातार परेशान रहे। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं को भी मतदाताओं के नाम खोजने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। आश्चर्य की बात देखने को मिली कि एक ही परिवार के सदस्यों के नाम पृथक-पृथक मतदाता सूची में दर्ज पाए गए। कई मतदाताओं के नाम सही ढंग से ना मिलने के कारण उन्हें मतदान से वंचित होना पड़ा। सैकड़ों मतदाताओं के नाम, मतदान केंद्र में निवासरत होने के बाद भी विलुप्त पाए गए, जिसके कारण मतदाताओं में आक्रोश देखने को मिला।

क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने मंगलवार को सुबह अपने मतदान केंद्र क्रमांक 153 में पहुंच कर मतदान किया। विधायक ने कहा कि भारत में लोकतंत्र पर लोगों का पूरा भरोसा है। उन्होंने क्षेत्रवासियों से लोकतंत्र के इस उत्सव में शामिल होने के लिए उनका आभार जताया। आज लोगों ने जिस उत्साह और उमंग के साथ मतदान में हिस्सा लिया उसके लिए पूरे क्षेत्र की जनता बधाई की पात्र है। इस दौरान उन्होंने आम नागरिकों एवं ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों से मुलाकात कर व्यस्थाओं के बारे भी जायजा लिया। वोट देने के पश्चात बनाएं गए आकर्षक सेल्फी जोन में उन्होंने जाकर अपने फोटो लिए।

### मौसम के बदले मिजाज ने बढ़ाया मतदान प्रतिशत

रायपुर लोकसभा चुनाव के मतदान दिवस के दिन सुबह अचानक मौसम बदला हुआ दिखाई दिया। चारों ओर बदली छायी होने के कारण गर्मी अपेक्षाकृत बहुत कम थी, जिसके फल स्वरुप मतदाता सुबह 12 के पहले ही बड़ी संख्या में मतदान कर अपने काम में चले गए। दोपहर के समय भी मतदान केंद्रों में मतदाताओं की लाइन दिखाई दी। लगभग 5 के बाद हल्की बारिश और तूफान शुरू हो गई, लेकिन तब तक सामान्य रूप से भाटापारा विधानसभा में 68% मतदाताओं ने मतदान सम्पन्न कर लिया था।

### पहली बार सभी बूथों की जवाबदारी महिला कर्मियों को

मतदान केंद्रों में मतदान प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए पहली बार सभी बूथों में प्रशासन ने महिला कर्मियों को तैनात किया।प्रारंभिक रूप में प्रशासन द्वारा उठाया गया यह कदम सफल रहा और लगभग सभी बूथ में मतदान शांतिपूर्ण रहा। कही से भी राजनीतिक दलों में विवाद की स्थिति नहीं सुनाई पड़ी। पूरी चुनाव प्रक्रिया में पुलिस प्रशासन भी सक्रियता के साथ मुस्तैद रहा। अचानक बृजमोहन अग्रवाल पहुंचे भाटापारा
शाम 6 बजे मतदान प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अचानक भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल भाजपा कार्यालय भाटापारा पहुंचे और भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया। संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के साथ विस्तृत चर्चा की और कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करते हुए सिमगा की ओर प्रस्थान किये।

### सपरिवार मतदान करने पहुंचे शर्मा

सुबह ही पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा सपरिवार सुभाष वार्ड स्थित नगर भवन में मतदान करने पहुंचे। उन्होंने भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल की रायपुर लोकसभा में अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी जीत का दावा किया। पहली बार अपने मत का प्रयोग करने वाले युवा मतदाताओं से आधुनिक भारत के निर्माण में किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत चर्चा की।









# चाकचौबंद व्यवस्था के बीच हुआ मतदान



**खरोरा।** अंचल सहित क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को लेकर भारी उत्साह देखा गया, जहां मौसम का साथ मिलने से सुबह भारी संख्या में मतदाता रायपुर लोकसभा से सासंद चुनने मतदान केंद्र पहुंचे। वहीं सुरक्षा के चाक–चौबंद व्यवस्था के बीच दोपहर तेज धुप व लूह के बाद भी मतदाता के जोश देखते बन रहा था। लोकसभा चुनाव को लेकर अपने सांसद चुनने और केन्द्र में सरकार बनाने खरोरा नगर के साथ साथ खरोरा क्षेत्र के गांव के लोग घर से बाहर निकल खुलकर मतदान किये, जहां सुबह बुदा-बांदी के बीच मौसम के अचानक करवट बदलने के चलते लोग मतदान केन्द्र सुबह से पहुंचने लगे, जिसके चलते मतदान केन्द्र में लम्बी-लम्बी कतारें लगी रही। वहीं दोपहर तेज धुप के बावजूद भी मतदाताओं में जोश देखा जा रहा था। बता दे रायपुर लोकसभा में मुख्य मुकाबला कांग्रेस के विकास उपाध्याय व भाजपा के बृजमोहन अग्रवाल बीच है, जहां खरोरा पुलिस व तहसीलदार की संयुक्त टीम ने शांतिपूर्वक मतदान कराने खरोरा तहसील व थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर गश्त करते दिखी। समाचार लिखे जाने तक तहसीलदार खरोरा बाबूलाल कुर्रे ने बताया कि पूरे धरसींवा विधानसभा में अब तक 72 प्रतिशत मतदान शांतिपूर्वक होने की खबर मिली है।


### कलेक्टर और एसपी ने नपा केंद्र में किया मतदान



मुड़पार-सरसीवां। मतदान दिवस पर कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू और एसपी पुष्कर शर्मा ने सारंगढ़ नगरपालिका विद्यालय सारंगढ़ में अपना मतदान किया। इसी प्रकार स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान ने स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय सारंगढ़ में अपना मतदान किया। मतदान के बाद कलेक्टर साहू ने सेल्फी जोन में अपना तस्वीर खिंचवाया। मतदान के समय एआरओ सह एसडीएम वासु जैन, सीएमओ राजेश पांडेय के अलावा अन्य मतदाता और मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

## तिलक और आरती उतारकर मतदाताओं का किया स्वागत

# अलग-अलग थीम पर सजाये गए थे मतदान केंद्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत जिले में कुल 24 आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए थे। स्वयं कलेक्टर ने सेल्फी जोन में अपनी तस्वीर खिंचवायी। इन केंद्रों में विशेष तौर पर सजावट की गई थी। मतदान देकर युवाओं से लेकर बुजुर्ग सभी सेल्फी जोन में अपनी तस्वीर कैद करते रहे। इस बार कई मतदान केंद्रों को यादगार बनाया गया। कई आदर्श मतदान केंद्रों को गुब्बारे से सजाया गया था, जो लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा। इसके अलावा युवा मतदान केन्द्र, बांसउरकुली को क्रिकेट थीम के आधार पर सजाया गया था। संगवारी मतदान केंद्र पेंड्रावन एवं मतदान केन्द्र चांटीपाली में गोमर्डा अभ्यारण्य की थीम पर सेल्फी जोन बनाया गया है एवं मतदान केन्द्र को सजाया गया। बरमकेला विकासखंड अंतर्गत आदर्श मतदान केंद्र देवगांव को इकोग्रीन थीम पर सजाया गया था। ये सभी मतदान केन्द्र लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बने रहे।

इसी तरह सभी मतदान केन्द्रों में मतदान मित्र-स्काउट गाइड-एनएसएस के सदस्य भी वरिष्ठजनों और दिव्यांग मतदाताओं का भरपूर सहयोग करते देखे गए। साथ ही मतदान केंद्र में दिव्यांगों के आने जाने के लिए कहीं व्हीलचेयर की व्यवस्था थी, तो कहीं दिव्यांग रथ नामक ई–रिक्शा की भी व्यवस्था की गई थी। कई स्थानों पर तिलक और आरती लगाकर भी मतदाताओं का स्वागत किया गया। इसके साथ ही गर्मी को ध्यान में रखते हुए मटके में पानी की व्यवस्था की गई थी एवं मेडिकल टीम ओआरएस एवं अन्य जरूरी दवाइयों एवं मेडिकल किट भी रखा गया।




## झलकियां



### युवा पहली बार लोकसभा चुनाव में वोट देने पहुंचे

पलारी। लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण में देवसुंद्रा के विभिन्न बूथों पर मतदाताओं की लंबी कतार देखने को मिली। जिसने युवाओं में गजब का उत्साह देखने को मिला। पहले मतदान फिर जलपान संकल्प के साथ ये युवा सब अपने अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचे। इसमें तोमेश साहू, मोनू साहू, चिंतामणि साहू, दानवीर वर्मा, वेदय वर्मा ने पहली बार लोकसभा चुनाव में मतदान करने पहुंचे।

### अपने मतदान के अधिकार पर हमें गर्व



**पलारी।** लोकसभा चुनाव में देवसुंद्रा के युवा मतदाता उत्साह के साथ वोट देने पहुंचे। इसमें इसमें खुमेश साहू, सोनल वर्मा, इन्द्रकुमार वर्मा, रुद्र साहू मेघा साहू, अमर साहू आदि युवाओं ने कहा गया कि अंगुली पर लगी स्याही सिर्फ निशान नहीं, हमारी शान है, देश की पहचान है, लोकतन्त्र की जान है और अपने अधिकार का सम्मान है। अपने मतदान के अधिकार पर हमें गर्व है।





### निडर व भयमुक्त होकर किया मतदान



**गोपालपुर।** आर्दश संगवारी मतदान केंद्र गोपालपुर में हरिभूमि प्रतिनिधि डीआर टण्डन परिवार के साथ मतदान करने केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने भयमुक्त एवं निडर होकर मतदान किया और अपने अमूल्य मत का सही उपयोग किया, जो देश में सरकार बनाने में अहम भूमिका होगी।

### घर आजा संगी का असर, मतदान के दिन लौटे मतदाता



**भटगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धर्मेश कुमार साहू के निर्देश और स्वीप नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान के नेतृत्व में किए गए मतदाता जागरूकता अभियान, रैली, निमंत्रण और घर आजा संगी का कार्यक्रम चलाया गया। पलायन किए मतदाताओं के लिए चलाए गए घर आजा संगी कार्यक्रम में कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू सहित पूरे जिला प्रशासन ने फोन कर मतदान देने के लिए आमंत्रित किया था। इस निमंत्रण का असर जिले के मतदाताओं में हुआ और वे उस शहर से मतदान के दिन मतदान के लिए अपने गांव वापस आ पहुंचे। सारंगढ़ विकासखंड के ग्राम सुंदराभाठा के एक दंपत्ति अपने बच्चे के साथ लखनऊ से वापस आए। इसी प्रकार सारंगढ़ विधानसभा के ही ग्राम खम्हारडीह की कचरा बाई अपने बेटे विजय और बहु यशोदा के साथ पहुंची।

### सर्वसुविधायुक्त रहा चांटीपाली का मतदान केन्द्र



**भटगांव।** मतदान दिवस पर लोकसभा रायगढ़ के सामान्य प्रेक्षक डॉ. अंशज सिंह ने बरमकेला ब्लॉक के ग्राम चांटीपाली के मतदान केन्द्र का निरीक्षण किया। प्रेक्षक श्री सिंह ने मतदान केन्द्र में मतदान दल और मतदाता द्वारा किए जा रहे मतदान कार्य का अवलोकन किया। इसके साथ ही मतदान केंद्र में बुनियादी सुविधा पेयजल, पंखा, बिजली, रैंप, व्हीलचेयर, शौचालय, छाया, मतदाता सूची आदि का अवलोकन किया। प्रेक्षक ने चांटीपाली के मंडप और हैप्पी वोटिंग का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू, एसपी पुष्कर शर्मा उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि ग्राम चांटीपाली के मतदान केन्द्र को विवाह थीम पर सजाया गया था। द्वार से लेकर मतदान केंद्र को मंडप की तरह और किनारे में वर वधु के लिए विवाह स्टेज बनाया गया था, जिसमें बैठने के आलीशान बैठक व्यवस्था की गई थी, जिसके पीछे हैप्पी वोटिंग का बैनर लिखा था। इस दौरान लाइजनिंग अधिकारीएच डी भारद्वाज भी उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024
05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर 20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 34,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411